दिनांकः 15.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रचार के लिए तीन दिन शेष रहते प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दलों ने प्रचार में पूरा दमखम लगा दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में रोड़ शो किया। कुम्हेर गेट चौराहे से शुरू हुआ यह रोड़ शो बिजली घर चौराहे पर सम्पन्न हुआ। श्री शर्मा ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित कई विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इधर, गृह मंत्री अमित शाह आज शाम को जयपुर में रोड़ शो करेंगे। यह रोड़ शो जयपुर की चारदीवारी में सांगानेरी गेट से लेकर छोटी चौपड़ तक होगा। रोड शो को लेकर भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह है।

वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का भी अलवर में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में आज रोड शो करने का कार्यक्रम है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इसके बाद प्रियंका गांधी दौसा प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में चुनावी सभा करने के लिए दौसा जाएंगी। दौसा जिले के बांदीकुई में दोपहर में प्रियंका गांधी चुनावी सभा को संबोधित करेंगी।

गोविंद सिंह डोटासरा आज सीकर के लक्ष्मणगढ में चुनाव प्रचार करेंगे। अशोक गहलोत और सचिन पालयट का भी आज विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार अभियान में भाग लेने का कार्यक्रम है।

....

लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से राज्यभर में विभिन्न नवाचार और आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जयपुर के सेंट्रल पार्क में विशाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता भी इसमें शामल हुए। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह और अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

....

अमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा के लिए आज से पंजीकरण शुरू हो रही है। 52 दिन की ये यात्रा 29 जून से शुरु होकर 19 अगस्त को संपन्न होगी। पंजीकरण कराने के लिए आधिकारिक वेबसाइट से चिकित्सा से संबंधित फार्म ऑन लाइन प्राप्त किये जा सकते हैं। श्री अमरनाथ मंदिर के लिए वार्षिक तीर्थयात्रा श्रावण महीने में की जाती है और यह निश्चित तारीखों को पहलगाम और बालटाल से शुरु की जाती है।

....

प्रदेश में गर्मी के मद्देनजर आज से 30 जून तक हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों का समय बदला गया है। पहले अदालतों में रोजाना पांच घंटे सुनवाई होती थी, अब साढ़े चार घंटे ही होगी। हाईकोर्ट में सुनवाई का समय सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक रहेगा। अधीनस्थ अदालतों में यह समय सुबह साढे सात बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक रहेगा।

....

धौलपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर जिलेभर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान आज सुबह कचहरी से प्रभात फेरी निकाली गयी, जो शहर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। गौरतलब है कि जिले की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1982 में हुई थी।

....